## कार्यालय नगर निगम देहरादून

(अल्पकालीन निविदा)

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए घास काटने की मशीन (4 स्ट्रोक 2 एच.पी.इंजन एवं 2 स्ट्रोक 52 सी.सी. इंजन) स्प्रे मशीन एवं पीपी किट क्रय करने हेतु "तकनीकी बिड" व "वित्तीय बिड" के आधार पर अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एंव शर्तें रू0 1000+जी0एस0टी0 का भुगतान कर स्वास्थ्य अनुभाग स्टोर, नगर निगम देहरादून कार्यालय से दिनांक 16.10.2020 से दिनॉक 21.10.2020 तक सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा दिनांक 22.10.2020 की अपराहन 3.00 बजे तक स्वास्थ्य अनुभाग कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है जो उसी दिन सांय 4.00 बजे खोली जायेगी, निविदादाता चाहे तो निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं। निविदा सूचना एंव विवरण नगर निगम देहरादून, की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा प्रपत्र डाउन लोड कर निर्धारित शुल्क+जी0एस0टी0 की धनराशि के ड्राफ्ट के साथ भी आवेदन किया जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम देहरादून

# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– (nagarnigam.ddn@gmail.com)

पत्रांकः 59(4)

दिनांकः 15/10/20

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान हिन्दी, सामचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में आगामी अंक के कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, द पाईनियर, समाचार पत्र. को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को उत्तराखण्ड संस्करण के आगामी अंक के कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
3. श्री मनीष पन्त आई0 टी0 आफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम, देहरादून की बैबसाइट में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम, देहरादून सूचना पट पर चश्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम देहरादून।

## नगर निगम, देहरादून (स्वास्थ्य अनुभाग)

## वर्ष 2020–21 के लिए घास काटने की मशीन, स्प्रे मशीन एवं पीपी किट हेतु निविदा की शर्ते

1. निविदा सम्बन्धी जानकारी निगम कार्यलय में कार्यालय समय में (रविवार एवं अवकास के दिवस को छोड़कर) कर सकते है तथा कार्य के सम्बन्ध में कोई अन्य आवश्यक सूचना भी प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म क्रय किये जाने के उपरान्त यह समझा जायेगा कि ठेकेदार ने कार्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।
2. निविदाओं पर निर्णय नगर आयुक्त द्वारा अथवा निगम द्वारा इस आशय से अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। निविदा सूचान में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी, यदि निविदादाता चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते है।
3. सफाई एवं सुरक्षा उपकरणों हेतु आहूत निविदाओं की प्रणाली निविदा के तहत आमंत्रित की जाती है अर्थात तकनीकि निविदा तथा वित्तीय निविदा को दो अलग–अलग लिफाफे में रखकर एक बड़े लिफाफे में डालकर सील बन्द मजबूत लिफाफे में भेजना आवश्यक है।
4. निविदा सीलबन्द मजबूत लिफाफे में भेजना आवश्यक है। लिफाफे पर निविदा शब्द लिखा जायेगा बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम से प्रेषित की जायेगी।
5. निविदा के साथ धरोहर के रूप में रू0 1,00,000/– धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज (बंधक) होगी, जमा करना अनिवार्य है। किसी अन्य खाते में जमा अथवा पूर्व से जमा धरोहर राशि मान्य नहीं होगी।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त/नगर निगम को होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाय।
7. नगर आयुक्त/मा0 मेयर, नगर निगम, के लिखित अनुमोदन के बगैर दरें मान्य नहीं होगी।
8. किसी भी सामग्री/उपकरण के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. निविदादाता फर्मो द्वारा दरें जी0एस0टी0 संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी।
10. सामाग्री/उपकरण की मात्रा धट–बढ सकती है। निविदा की दरें एक वर्ष के लिए मान्य होगी।
11. घास काटने की मशीन एवं स्प्रे मशीन की गारन्टी एवं वारंटी की अवधि 03 वर्ष की होगी तथा न्यूनतम स्वीकृत होने पर निविदादाता फर्म को 01 वर्ष तक मशीनों का सर्विस कार्य निःषुल्क किया जायेगा, सर्विस कार्य नहीं किये जाने पर धनराषि राशि जब्त कर ली जायेगी। इसके उपरान्त फर्म द्वारा दो वर्षो के लिए ए0एम0सी0 न्यूनतम दर पर उपलब्ध करायी जानी होगी।
12. तकनीकि बिड में निविदादाता से मांगी गई शर्ते पूर्ण होनी चाहिए। शर्ते पूर्ण नहीं होने पर निविदादाता का वित्तीय बिड नहीं खोला जायेगा। सूचना से सम्बन्धित पत्र ही प्रस्तुत करें। वित्तीय बिड में समस्त दरें निविदा फार्म में ही अंकित करें अन्य कोई पत्र संलग्न न करें।
13. भुगतान में किसी प्रकार की देरी के लिए उपकरण/सामग्री की सप्लाई बाधित नहीं किया जायेगा।
14. तकनीकि बिड के साथ धरोहर राशि, पैन नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर, गत तीन वर्षो का आयकर विवरण, गत तीन वर्षो की वैलेन्स सीट सीए द्वारा प्रमाणित कर समस्त अभिलेख संलग्न करने होंगे।
15. फर्म विगत वर्षो का टर्न ओवर प्रतिवर्ष 05 लाख से कम न हो संलग्न किया जाना होगा।
16. निविदा के साथ उपकरणों के सैम्पल दिये जाने अनिवार्य है।

..............................................

मैने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होता है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुए, निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति करने के लिए सहमत हूँ/है। मैने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये है व स्थल सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर निविदादाता:..........................

नाम: ..............................................

पता: ..............................................

हस्ताक्षर

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

## प्रपत्र (क) तकनीकि निविदा का प्रारूप

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून घास काटने की मशीन, स्प्रे मशीन एवं पीपी किट वर्ष 2020–21

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म का पता | |
| 3. | फर्म का फोन/मोबाइल नं0 | |

### संलग्नक/प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 4. | फर्म का पैन नम्बर संलग्न है। | |
| 5. | जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या | |
| 6. | फर्म की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 संलग्न है। | |
| 7. | 03 वर्षो का आयकर विवरण | |
| 8. | फर्म की विगत 3 वर्षो की वैलेन्स सीट सीए द्वारा प्रमाणित | |
| 9. | फर्म का विगत 3 वर्षो का टर्न ओवर प्रतिवर्ष 10 लाख से कम न हो | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

निविदा दाता का नाम..........................................
पता...................................................................
मोहर ................................................................
मोबाइल नम्बर...................................................

देoदून क्यु नंo 127
निविदा फार्म का मूल्य–रू0 1000+जी0एस0टी0

# नगर निगम, देहरादून।

नीचे लिखे कार्य के लिए तकनीकि एवं वित्तीय निविदा दिनांक 22.10.2020 की अपराह्न 3.00 बजे तक जमा करने होंगे उसके उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

कार्य का नामः **घास काटने की मशीन, स्प्रे मशीन एवं पीपी किट को क्रय करने हेतु वित्तीय निविदा का प्रारूप**

| क्र.सं. | उपकरण/सामग्री का नाम | मार्का/विवरण | दर प्रति नग जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | घास काटने की मशीनः–<br>4 स्टोक 2 एच0पी0 इंजन | | |
| | 2 स्टोक 52 सीसी इंजन | | |
| 2 | स्प्रे मशीन, 16 लीटर क्षमता | | |
| 3 | पीपी किट | | |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

निविदादाता के हस्ताक्षर
निविदादाता का नाम
पता
मोबाइल नम्बर–